तापमान

अधिकतम 27.7 डिग्री

न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 24 फरवरी 2025



11 चुनाव प्रचार पकड़ने लगा जोर घर-घर वोट मांग ...





12 सत्ता के बावजूद भाजपा को मिल रही कड़ी ....




## खबर संक्षेप

### ठेके की छत फाड़कर चोरी करने का प्रयास

**यमुनानगर।** गांव रपौली स्थित शराब के ठेके की छत फाड़ कर तीन युवकों ने उसमें चोरी करने का प्रयास किया। सेल्समैन के जागने पर आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने सेल्समैन की शिकायत पर तीन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जिला अयोध्या के गांव मिल्कीपुर निवासी दिलीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव रपोली स्थित शराब के ठेके पर सेल्समैन का काम करता है। 21 फरवरी की रात को वह शराब के ठेके पर मौजूद था। इस दौरान तीन युवकों ने रात को शराब के ठेके की छत फाड़ कर चोरी करने की नीयत से अंदर घुस गए।

### पानीपतः हादसे में चालक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के एलिवेटेड हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे खड़े ड्राइवर होविंद्र सिंह निवासी माफी, अमरोहा, उत्तर प्रदेश को टक्कर मार दी। हादसे में होविंद्र की मौत हो गई। इधर, मृतक के भाई चंद्रशेखर की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद होविंद्र का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

### मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर पकड़े

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर कृष्णा गार्डन कॉलोनी में सुमित्रा निवासी कृष्णा गार्डन व मुखीजा कॉलोनी निवासी सुनील को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। वहीं आरोपियों के पास से 1 किलो 48 ग्राम गांजा नशीला पदार्थ बरामद किया। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### स्नेचिंग करने वाले दो लोग पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने थाना सेक्टर 13/17 क्षेत्र में पैदल जा रहे कमलेश से मोबाइल फोन छीनने वाले दो आरोपियों सूरज पुत्र सतपाल निवासी गांव कचरोली व सौरभ पुत्र सुरेंद्र निवासी बाबरपुर को गिरफ्तार किया है।

### अंबाला में नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई

# नशीले कैप्सूलों की बड़ी खेप जब्त गाड़ी समेत तीन आरोपी गिरफ्तार





अंबाला। नशीले कैप्सूलों की तस्करी के आरोप में पकड़े गए तस्कर। फोटो : हरिभूमि

- यूपी से बलेरो गाड़ी में मुख्य आरोपी 3360 नशीले कैप्सूल सप्लाई के लिए लाया था
- पुलिस अब आरोपियों से कर रही है पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से लगातार नशा तस्करों की कमर तोड़ने का प्रयास किया है। अब नशा मुक्त हरियाणा–नशा मुक्त भारत अभिया के तहत ब्यूरो ने मुख्य आरोपी समेत तीन आरोपियों को 3360 नशीले कैप्सूलों समेत काबू किया है। ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह ने बताया कि खुफिया ड्यूटी के दौरान एनसीबी यूनिट की टीम को सूचना मिली थी कि कालपी पुल से नशे की एक खेप गुजरने वाली है। पता चला था कि यूपी का ओमप्रकाश उर्फ विक्की भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल लेकर आने वाला है। इसके बाद जांच टीम ने नाकाबंदी एक बलेरो गाड़ी को जांच के लिए रोक लिया। जांच टीम ने आरोपी चालक को ब्राह्मण माजरा- नोहनी सर्विस रोड पर काबू कर लिया। तलाशी लेने पर गाड़ी से जांच टीम ने ओमप्रकाश उर्फ विक्की के कब्जे से 3360 नशीले कैप्सूल बरामद किए। आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपी ओम प्रकाश उर्फ विक्की ने बताया कि तस्करी के इस मामले में मुकुल मौदगिल उर्फ मुकुल व संजीव कुमार उर्फ विक्की भी शामिल है। इन आरोपियों को ही वह नशे की खेप पहुंचाने आया था। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को भी काबू कर लिया।

उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि अब आरोपियों को रिमांड पर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को नशे की खेप बेचने वाले आरोपी को पकड़ा जाएगा। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा की अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दे रहा है उसकी सूचना टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल एमएएनएएस पर दर्ज करवाएं। इसके साथ ही मोबाइल नंबर 90508-91508 पर भी सूचना दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछकर तह तक जाने का प्रयास किया जाएगा। कोई बड़ा मामला सामने आ सकता है।

# पिस्तौल तानकर किराना संचालक से की लूट

- आरोपी मौके से फरार, पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

बदमाशों ने थाना छप्पर तलाकौर रोड पर स्थित गोयल करियाना स्टोर के संचालक की कनपटी पर पिस्तौल तानकर उससे सात हजार रुपए तथा दो किलो देसी घी लूट लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव सबलपुर निवासी अंकुश गोयल ने थाना छपार पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी तलाकौर रोड पर गोयल करियाना स्टोर के नाम से दुकान है। रात साढ़े नौ बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। आरोपी युवकों ने आते ही उसकी कनपटी पर पिस्तौल तान दी। इसके बाद आरोपियों ने गल्ले में रखे सात हजार रुपए तथा दो देसी घी के पैकेट लूट लिये। घटना के बाद आरोपी वहां से भाग निकले। आरोपियों के जाने के बाद उसने घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### विवाह समारोह में बारातियों को पीटा

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला में विवाह समारोह में बाहरी लोगों ने बारातियों के साथ मारपीट की। वहीं घटना की सूचना मिलने पर थाना किला पुलिस ने विवाह समारोह में सुरक्षा दी और शादी करवाई। इधर, दुल्हन की माता आरोप लगाया कि थाना किला पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। जबकि थानेदार सुरेश दावा है कि दोनों पक्षों के बीच पंचायती तौर पर फैसला हो गया है। इधर, पीड़ित पक्ष ने इस मामले की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह से की है।

### चोरों ने व्यक्ति की जेब से चुराया पर्स

**यमुनानगर।** शहर के सफायर होटल के पास चोरों ने एक व्यक्ति का पर्स चोरी कर लिया। पर्स में चार हजार रुपए तथा जरूरी दस्तावेज थे। अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर के गुर्जर नगर निवासी प्रवीण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 22 फरवरी को दोपहर एक बजे शहर के सफायर होटल के नजदीक किसी काम से गया था। इस दौरान चोरों ने उसकी जेब से पर्स चोरी कर लिया। चार हजार रुपए, बाइक की आरसी, आधार कार्ड व अन्य जरूरी दस्तावेज थे।

### झाड़ियों में मिले लड़की के अधजले शव का करवाया पोस्टमार्टम

**कुरुक्षेत्र।** 152 पर गुमथला गढ़ू गांव के पास सड़क से नीचे झाड़ियों में मिले लड़की के अधजले शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। लड़की का शव तीन दिन पहले अर्धनग्न हालत में पड़ा मिला था। शव आधा जला हुआ था। प्राथमिक जांच से लड़की का शव 60-70 परसेंट जला हुआ था। पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की थी, पहचान न होने पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लड़की के शरीर पर चाकू के वार के 12 निशान मिले है।

हालांकि 3 दिन के अंदर भी लड़की की पहचान नहीं हो सकी। इसलिए पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शाहाबाद हेल्पर्स सोसाइटी के सहयोग से शव का अंतिम संस्कार करवा दिया। शनिवार को पुलिस ने 2 डॉक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमॉर्टम कराया, जिसमें बेहद ही चौकाने वाला तथ्य सामने आए।

## चोरों ने दो सूने घरों के ताले तोड़कर नकदी-आभूषण चुराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

जिले में चोरों ने दो सूने घरों के ताले तोड़कर दो लाख रुपए की नकदी समेत लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय दोनों परिवारों के सदस्य बाहर गए हुए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की जम्मू कॉलोनी निवासी अशोक कुमार ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 21 फरवरी को दोपहर तीन बजे घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। अगले दिन जब वह सुबह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में रखे एक लाख कैश, एक सोने की चेन, गले का हार, मंगलसूत्र, एक जोड़ी बाली, दो कोके, दो सोने की अंगूठियां, कमरकस व अन्य आभूषण गायब मिले।

उधर, गांव लाहडपुर निवासी कर्मवीर ने साढ़ौरा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 22 फरवरी को सुबह 11 बजे घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। शाम को चार बजे जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी में रखा एक लाख रुपए की नकदी, सोने व चांदी के जेवर गायब मिले। पुलिस दोनों मामले में जांच कर रही है।

### केयू के जनसंचार संस्थान में वर्ल्ड प्रिंटिंग डे पर कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में आज वर्ल्ड प्रिंटिग डे मनाया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अभिनव ने दी। डॉ. अभिनव ने बताया कि यह कार्यक्रम जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान और हिमाचल प्रदेश प्रिंट एंड पैक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में होगा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया करेगे। इस कार्यक्रम में प्रिंट एंड पैक एसोसिएशन के प्रधान अजय भारद्वाज, नेंशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (नार्थ जॉन) के प्रधान डॉ. रनेश राणा, प्रिंट एंड पैकेजिंग के सलाहकार सुरेद्र कुमार, ऑपरेशन एंड लीगल, आईपीएएमए से प्रंशात वत्स भाग लेगे। डॉ. अभिनव ने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक कंवरदीप रहे।

### आर्य पीजी कॉलेज में साहित्यिकारों ने हंसाया

## डंकी रूट से अनेकों घर हो गए अपरूट

- डॉ एपी जैन ने सुनाया बेटों की शादी करें धन कुबेर अंबानी, अडानी, एक करे जोरदार दिखावा, दूसरा दे जिंदगानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



**पानीपत।** अंकन साहित्यिक मंच की काव्य गोष्ठी में शिरकत करते हुए कविगण।

आर्य पीजी कॉलेज में अंकन साहित्यिक मंच के तत्वावधान में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता सुभाष भाटिया ने की। इसके मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र धीमान बापौली व मनु बदायूंनी रहे। मंच संचालन शकील जठेड़ी ने किया। गोष्ठी की शुरुआत सुलेख जैन द्वारा सरस्वती वंदना से की गई। मंच संरक्षक डॉ. ए.पी. जैन ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कवि गुलशन सपड़ा की माताजी स्व. भागवंती सपड़ा को श्रद्धांजलि दी। गोष्ठी में डॉ एपी जैन ने सुनाया कि बेटों की शादी करें धन कुबेर अंबानी, अडानी, एक करे जोरदार दिखावा, दूसरा दे जिंदगानी। धर्मेंद्र अरोड़ा मुसाफिर ने सुनाया कि रब का ही आभार करना चाहिए, एक उसी से प्यार करना चाहिए। सुलेख जैन ने सुनाया कि अखबारों में छपी खबर हरियाणा में निकाय चुनाव होंगे दो चरणों में, पहले में प्रत्याशी आपके चरणों में, दूसरे में आप नेता के चरणों में। शकील जठेडी ने सुनाया कि फासले मिटाने हैं, दिल से दिल मिलाने हैं, नफरतें मिटा दें जो, ऐसे गीत गाने हैं। गुलशन सपडा ने सुनाया कि मेरे बस में हो तो मैं ना जाऊं दुनिया छोड़कर, जब तक ना मैं रख दूं सब टूटे हुए दिल जोड़कर। सुभाष भाटिया ने सुनाया कि डंकी के लिए बना डोंकी रूट, अनेकों घर हो गए अपरूट; पाने को ललक नहीं बैठी सूत, बेड़ी पहन बने सब पूत कुपूत। विपक्ष अब भी खेल रहा खेल, डंकी डंकी में है कैसा बेमेल। मनु बदायूंनी ने सुनाया कि बना दी पान सी शक्ल जाने किसने दिल की। जिसे मौका मिले चूना लगने लगता है। अनूपिंद्र सिंह अनूप ने सुनाया कि बिक गए गुलज़ार सारे बिक गए, फूल क्या अब ख़ार सारे बिक गए।



इंद्री। संत निरंकारी मिशन ब्रांच इंद्री की ओर से पश्चिमी यमुना नहर में सफाई करते संत निरंकारी मिशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## स्वच्छता चाहे बाहर या मन की, दोनों ही बहुत आवश्यक

- संत निरंकारी मिशन की ओर से चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। इंद्री

संत निरंकारी मिशन ब्रांच इंद्री की ओर से बाबा हरदेव सिंह महाराज जी के जन्मदिन के अवसर पर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस मौके पर काफी संख्या में मिशन से जुड़े श्रद्धालु महिलाएं, पुरूष व बच्चें मौजूद रहे। स्वच्छता अभियान से पहले सभी ने इंद्री शहर के मेन बाजार का चक्कर लगाकर शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम की अगुवाई इंद्री मुखी संजय बजाज व संयोजक महा सिंह खानपुर ने की। सभी ने इकट्ठा होकर पश्चिमी यमुना नहर में पड़े पॉलीथिन व कूड़ा कर्कट की सफाई की। इस दौरान सभी लोगों में बड़ा उत्साह दिखा।

### लगभग तीन हजार ब्रांचे

इस बारे में जानकारी देते हुए मुखी संजय बजाज व संयोजक महासिंह ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह के जन्मदिन को लेकर पूरे देश में इस प्रकार का कार्यक्रम किया जा रहा है। हमारी तीन हजार ब्रांचे हैं। उन्होंने कहा कि हम सब को प्रभु का सुमिरन, ध्यान करना चाहिए और अपनी जिम्मेदारियों को समझ कर जिंदगी को जीना चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशों से दूर रहने की प्रेरणा दी।




## खबर संक्षेप



### जांच शिविर में 250 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**यमुनानगर।** जीवन दीप संस्थान यमुनानगर के तत्वावधान में रविवार को शहर के कैंप स्थित सुरिंद्रा पब्लिक स्कूल में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। उन्होंने दीप प्रज्वलित करके शिविर का शुभारंभ किया। मौके पर उप सिविल सर्जन डॉ. दिव्य मंगला भी मौजूद रही। शिविर में ब्रेन व स्पाईन विशेषज्ञ डॉ. वरूण गर्ग, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. मनदीप मिश्रा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति गोयल, महिला रोग विशेषज्ञ निशु सिंगला, सांस रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित शर्मा व कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलजिंद्र सोढी, डॉ. मनीष गोयल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष आदि चिकित्सकों ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की।



### रक्तदान शिविर में 55 यूनिट रक्त एकत्रित

**रादौर।** रोटरी क्लब रादौर व जीआरजीआई रोट्रेक्ट क्लब ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को कस्बा के शांतिदेवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रोटरी इंटरनेशनल के 120वे स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता व समाजसेवी भूपेंद्र राणा ने किया। इस अवसर पर रोटेरियन भूपेंद्र राणा के पिता स्वर्गीय योगराज सिंह राणा व रोटेरियन विजय आढ़ती के पिता स्वर्गीय सोमनाथ को कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था के प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. अशोक मिगलानी, डॉ. एससी सैनी, डॉ. शुभम सलूजा, डॉ. अमन पंजेटा आदि की देखरेख में आयोदित किए गए रक्तदान शिविर में 55 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

# शिविर में स्वामी मोहन पुरी ने साधकों को बताया ध्यान साधना का महत्व

**दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी की शिबुमल धर्मशाला में ध्यान साधना शिविर आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी की शिबुमल धर्मशाला में एक दिवसीय ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्य गुरू आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी मोहन पुरी ने साधकों को ध्यान साधना का महत्व समझाया।

स्वामी मोहन पुरी ने फरमाया कि मानव तन सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ संरचना है । इसलिए मानव को ही सृष्टि का सिरमौर कहा गया है। लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में मानव जीवन ही सबसे अधिक दुःख, पीड़ा एवं कष्टों का सामना कर रहा है। क्योंकि कोई भी वृक्ष अपने मूल से अलग होकर अधिक समय तक हरा भरा नहीं रह सकता। इसी प्रकार आज मनुष्य का जीवन भी अपने मूल आधार से टूट चुका है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान के द्वारा आत्म साक्षात्कार करना ही मानव जीवन का मूल आधार है। ध्यान साधना का किसी विशेष धर्म या संप्रदाय से कोई संबंध नहीं है। अपितु इसका संबंध मानव मन की उपयोगिता से हैं। ध्यान साधना हमारे स्थूल, सूक्ष्म व कारण तीनों स्तरों पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। कुछ वैज्ञानिक तथ्यों के अनुसार नित्य निरंतर ध्यान साधना करने वाला व्यक्ति एक साधारण व्यक्ति की तुलना में शारीरिक मानसिक एवं आत्मिक तौर पर अधिक सशक्त एवं स्वस्थ रहता है। स्वामी ने फरमाया कि वर्ष 1939 में एक सोवियत वैज्ञानिक सेमयोन किर्लियान ने एक यन्त्र की खोज की जो मनुष्य के शरीर से निकलने वाली अदृश्य तरंगों को छायाचित्र पर दिखाता है। आश्चर्य चकित करने वाली बात यह है कि किर्लियान यंत्र से किसी भी व्यक्ति की अदृश्य तरंगों का छायाचित्र वैसा ही आता है जैसे उसके मन मस्तिष्क में विचार और भावनाएं चलती रहती हैं। वह यंत्र सकारात्मक तरंगों से युक्त व्यक्ति का ओरा सफेद, नीला या चमकदार सुनहरे रंग का दिखता है। वहीं, नकारात्मक विचारों से घिरे रहने वाले व्यक्ति का ओरा काला और भद्दे रंगों वाला दिखाता है। विज्ञान ने तथ्य सहित इस बात को प्रमाणित किया है कि एक व्यक्ति जो निरंतर ध्यान साधना करता है उसके शरीर से निरंतर कुछ ऐसी ही विद्युत तरंगें प्रवाहित होती हैं। जो पेड़ पौधे, जीव जन्तु और यहाँ तक कि जल तथा वायु के कणों को भी सकारात्मक ऊर्जा से प्रभावित करती हैं। ध्यान साधना मानव शरीर में समाहित उन अदृश्य शक्तियों को जाग्रित करती हैं। जिसके द्वारा वह संपूर्ण सृष्टि को अपने वश में कर सकता है लेकिन किसी छोटे से विद्युत उपकरण से विद्युत धारा को प्रवाहित करने से पहले उसे नियंत्रित करने के लिए कुछ उपकरण लगाए जाते हैं। ताकि विद्युत धारा का प्रवाह अनियंत्रित न हो और हमारे उस विद्युतीय उपकरण को कोई क्षति ना पहुँचे। ब्रह्मनिष्ठ संत के द्वारा प्रदान किया गया ब्रह्मज्ञान हमारे मन के विचारों को परिवर्तित करके आत्मा की उन दिव्य शक्तियों को नियंत्रित करता है जिससे हम निर्बाध होकर अपने आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ते हुए अपने परम लक्ष्य परमात्मा तक पहुँच जाते हैं। गुरु के बिना की गई ध्यान साधना मनुष्य के मस्तिष्क को विकृत कर सकती है । क्योंकि एक साधारण मानव में उन शक्तियों को नियंत्रित करने का सामर्थ्य नहीं होता है। लेकिन गुरू अपने तपोबल एवं कृपा हस्त के द्वारा साधक को उन शक्तियों का उतना ही प्रवाह नियंत्रित करके अनुभव करवाते हैं जितना वो सहन कर पाता है। आज के कलिकाल में ध्यान साधना ही एक मात्र वह साधन है।





**यमुनानगर।** जगाधरी शिबुमल धर्मशाला में आयोजित शिविर में ध्यान साधना के महत्व को बताते स्वामी मोहन पुरी व शिविर में भाग लेते साधक।

## आर्य समाज द्वारा मंधार के राजकीय उच्च विद्यालय में आयोजित किया 51वां वार्षिकोत्सव

# आर्य समाज ने विश्व भर में किया समाज की भलाई के लिए कार्यः आचार्य देवव्रत

- गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उत्सव में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर/रादौर



**यमुनानगर।** मंधार में आयोजित आर्य समाज के वार्षिक उत्सव में महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करते हुए आयोजक।

गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि आर्य समाज ने देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में समाज भलाई के लिए कार्य किया है। उन्होंने उक्त शब्द रविवार को मंधार के राजकीय उच्च विद्यालय में आर्य समाज द्वारा आयोजित किए गए 51वें वार्षिकोत्सव के दौरान कहे। महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि यह गांव मेरे लिए अपरिचित नहीं है। बल्कि मैं तो इस गांव का सदस्य हूं। कई वर्षों के बाद इस गांव में मेरा आना हुआ। इससे पहले मैं हर वर्ष आर्य समाज के वार्षिक उत्सव पर गांव मंधार में आता रहा हूं। मुझे खुशी है कि इस गांव के बुजुर्ग लोगों पर जिन्होंने इस गांव में परंपरा डाली थी कि हमारे गांव में आने वाली पीढ़ियां शराब जैसे नशे से दूर रहेंगी। बच्चे अच्छे संस्कारवान बनेंगे। उन्होंने कहा कि आर्य समाज ने पूरे भारत में नहीं बल्कि पूरे विश्व भर में ऐसे समय में किया था। जब बहुत सामाजिक आंदोलन बड़े बड़े नहीं थे। महिलाओं की शिक्षा की बात हो या फिर जात पात की बात हो हर वर्ग को महर्षि दयानंद की विचारधारा ने मनुष्य के मन में एक ही बात डाली है जो सबकी भलाई करे। उन्होंने कहा कि मैं मंधार के बुजुर्ग लोगों को इस बात की बधाई देता हूं कि उन्होंने यह परंपरा 51 साल पहले गांव में डाली थी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की बात करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में ऐसा कोई भी गांव नहीं है जो प्राकृतिक खेती से जुड़ा ना हो। महामहिम राज्यपाल ने कहा कि इस समय गुजरात में लगभग 10 लाख किसान प्राकृतिक खेती करना शुरू कर चुके हैं। उन्होंने कहा दच 22 रफरवरी को भारत के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कुरुक्षेत्र के गुरुकुल में पहुंचे थे। उनके साथ भारत की कृषि विभाग की टीम भी आई हुई थी। उन्होंने गुरुकुल में प्राकृतिक खेती को देखा तो वह इतने भाव विभोर हुए कि इससे पहले उन्होंने ऐसी खेती कभी नहीं देखी थी। उन्होंने घोषणा की कि हम इसे पूरे देश में बढ़ाएंगे। राज्यपाल ने कहा कि जब गुरुकुल में उन्होंने पढ़ना शुरू किया तब 35 से 40 बच्चे ही पढ़ते थे। आज कुरुक्षेत्र गुरुकुल की यह स्थिति है कि पिछले वर्ष गुरुकुल में 13 हजार 500 बच्चे दाखिला लेने आए थे। उन्होंने कहा पिछले एक वर्ष में गुरुकुल से 17 बच्चे एनडीए में लेफ्टिनेंट बन कर जा चुके हैं और 9 बच्चों का नीट में एमबीबीएस में एडमिशन हुआ है। इसी प्रकार ज्योतिसर गुरुकुल को बने हुए अभी 4 वर्ष ही हुए हैं वहां से भी तीन बच्चे लेफ्टिनेंट बन चुके हैं । आचार्य देवव्रत ने कहा कि जब एक किसान दवाई के छिड़काव से बेहोश हो गया और हम तो सीधे तौर पर फसलों में जहरीली दवाइयां का छिड़काव कर रहे हैं तो यह हमारे सेहत के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक खेती की तरफ ध्यान देना चाहिए। इससे हमारे स्वास्थ्य पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वातावरण भी दूषित नहीं होगा। प्राकृतिक खेती के साथ-साथ किसानों को देसी गाय भी पालनी चाहिए। इसका दूध बच्चों लाभदायक होता है। उन्होंने अंत में महर्षि दयानंद के विचारों जीवन में उतरने की बात कही और बच्चों में अच्छे संस्कार डालने की बात कही। मौके पर हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, डीएसपी आशीष चौधरी, गुरुकुल कमेटी के वाइस चेयरमैन मास्टर सतपाल कंबोज, गांव की सरपंच प्रीति कंबोज, आर्य समाज मंधार के प्रधान यशपाल, मान सिंह आर्य व मास्टर साहब सिंह नाचरौन आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर ।** कार्यक्रम में भाग लेते मुख्यातिथि जज विनय वशिष्ठ व अन्य।

# मेहनत के बल पर प्राप्त कर सकते लक्ष्यः वशिष्ठ

- रैशनल वर्ल्ड स्कूल रादौर में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सीनियर डिवीजन के सिविल जज विनय वशिष्ठ ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रैशनल वर्ल्ड स्कूल रादौर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में सीनियर डिवीजन में सिविल जज विनय वशिष्ठ ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं सिविल जज विनय वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपनी मेहतन के बल पर वह जीवन में अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यातिथि विनय वशिष्ठ ने अपने बारे में बताया कि उन्होंने अपनी मेहनत के बल पर अपनी स्नातकोत्तर उपाधि के साथ साथ नीट की परीक्षा पास की थी। वर्ष 2011 में वह हरियाणा कैडर के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के मजिस्ट्रेट नियुक्त हुए थे। उन्होंने अपने जीवन में कठिन परिश्रम से आज ये मुकाम हासिल किया है। उन्होंने विद्यार्थियों के बीच अपने जीवन के अनुभवों को सांझा करते हुए उन्हें जीवन में आग बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उनका मार्ग दर्शन किया। मौके पर विद्यार्थियों ने सिविल जज विनय वशिष्ठ से कानून से संबंधित कई प्रश्न पूछे। जिनका उन्होंने संतोषजनक उत्तर दिया। सिविल जज विनय ने विद्यार्थियों को बताया कि उनके पिता उनके जीवन में उनके आदर्श रहे हैं। वह पेशे से वकील थे। उन्हीं को ही अपना आदर्श बना कर आज वे इस पद पर हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में एक अच्छा इंसान बनने और अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने केलिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य परनीत कौर ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

# निकाय चुनाव में प्रदेश की जनता है भाजपा के साथः बंतो कटारिया

- भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गेल की पूर्व स्वतंत्र निदेशक बंतो कटारिया ने नगर निगम चुनाव को लेकर किया नगर में प्रचार



मॉडल टाउन में पत्रकारों से बातचीत करतीं भाजपा नेत्री बंतो कटारिया।

- बोलीं जन भागीदारी ही लोकतंत्र की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी चुनाव में विजय हासिल करने के लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं से लेकर दिग्गज नेताओं ने युद्धस्तर पर प्रचार अभियान शुरु कर दिया है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गेल की पूर्व स्वतंत्र निदेशक बंतो कटारिया ने ट्विन सिटी के कई इलाकों में पहुंचकर भाजपा की मेयर प्रत्याशी व पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में लोगों से मतदान किए जाने की अपील की। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि जन भागीदारी ही लोकतंत्र की आधारशिला है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही प्रदेश सरकार की नीतियों से प्रदेश और देश की जनता प्रभावित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई नगर निगमों व नगर पालिकाओं में हो रहे चुनाव में जनता भाजपा के साथ खड़ी दिखाई दे रही है।

उन्होंने दावा जताया कि प्रदेश के निकाय चुनाव में भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से निगम क्षेत्रों समेत ग्रामीण इलाकों को युद्धस्तर पर विकास होगा। गेल की पूर्व स्वतंत्र निदेशक एवं भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट मानना है कि हमारी ताकत जनता की ताकत में है। हमारी ताकत हमारे देश के प्रत्येक नागरिक में निहित है।

## श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर में स्थित स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से मिलता है मनोवांछित फलः-जनार्धन



**यमुनानगर।** जिले के प्रसिद्ध ऐतिहासिक पातालेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे । पर्व की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। श्री पतालेश्वर महादेव ट्रस्ट के प्रधान डॉक्टर जनार्दन शर्मा ने बताया कि इस मंदिर में महादेव जी का स्वयंभू शिवलिंग है। जिसकी बहुत मान्यता है। भारत ही नहीं विदेशों से भी श्रद्धालु यहां पर आकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। यहां पर एक शिव बावड़ी भी है। जिसको लेकर तरह तरह की मान्यताएं हैं। माना जाता है कि यह बावड़ी पाताल लोक से कहां तक है इसका अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। मान्यता है कि शिव बावड़ी का रास्ता पाताल लोक से स्वर्ग लोक तक जाता है। यह भी मान्यता है कि पहले समय में जब बरसात नहीं होती थी तो इस बावड़ी को पानी से भर देने के बाद जरूर वर्षा होती थी। डॉ. शर्मा ने बताया कि वर्ष 1985 में यहां जगन्नाथ पुरी गोवर्धन पीठ शंकराचार्य स्वामी निरंजन देव तीर्थ महाराज भी आए थे । उन्होंने यहां पर तप किया था और इस मंदिर को सिद्ध पीठ बताया था। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को सुबह 5 बजे कलश पूजन होगा और उसके बाद जलाभिषेक आरंभ होगा। इस दौरान भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा जिसमें विनोद राजन एवं अन्य भजनों उपदेशक अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे। 27 फरवरी को शिव गुणगान होगा। जिसमें श्री हरि ओम मंडली के सदस्य भगवान शिव का गुणगान करेंगे। दोपहर एक बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मौके पर डॉ. सुशील शर्मा,नरेंद्र गर्ग, सुरेश मंगल, अनिल भारद्वाज, संजय शर्मा, नवीन शर्मा, आशीष शर्मा, डॉक्टर सुधीर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# तिगरा गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय का हुआ शुभारंभ

- दलित सेवा संस्था द्वारा पुस्तकालय का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर के तिगरा में पुस्तकालय का शुभारंभ करते हुए अतिथि।

दलित सेवा संस्था द्वारा गांव तिगरा में ग्रामीणों का ज्ञानवर्धन करने के लिए डॉ.भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत मनदीप सिंह दास ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में दलित सेवा संस्था हरियाणा के महासचिव गुरदीप सिंह राणा मौजूद रहे। मुख्यातिथि संत मनदीप दास ने कहा कि दलित सेवा संस्था समय समय पर समाज के अति पिछड़े लोगों की सेवा में तत्पर रही है। आज उसी कड़ी में गुरदीप सिंह राणा की सोच ने तिगरा गांव में एक पुस्तकालय का उद्घाटन करवाया । संत मनदीप दास ने बताया कि गुरु रविदास की राह पर हर व्यक्ति को चलना चाहिए। साथ ही संत मनदीप दास ने गुरदीप सिंह व दलित सेवा संस्था की तारीफ करते हुए कहा कि देश व समाज को गुरदीप जैसी सोच के व्यक्तियों की जरूरत है। इस अवसर पर मनदीप दास ने संगत को निहाल किया व संगत में प्रसाद का वितरण हुआ। गुरदीप राणा ने बताया कि सर्व समाज के गरीब तबके के उत्थान के लिए जो भी हो सकेगा। मौके पर सुशील कुमार, अजय, अरविंद, गुरमीत, रामसरन, रविदास मंदिर कमेटी के प्रधान पाला राम, धर्मपाल, संजय, कृष्ण राणा, सुभाष राणा, रमेश प्रजापत, रूप सिंह , गोलू आदि मौजूद रहे।

# फर्जी दस्तावेज से बजाज फाइनेंस से लिया एसी

- पुलिस ने तीन के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

फर्जी दस्तावेज जमा करवाकर बजाज फाइनेंस कंपनी से एसी फाइनेंस करवाने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह केस बजाज फाइनेंस कंपनी के आरसीबी प्रबंधक की शिकायत पर दर्ज किया है। हुड्डा सेक्टर 17 निवासी गगनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बजाज फाइनेंस कंपनी में आरसीबी प्रबंधक के पद पर नौकरी करता है। बजाज फाइनेंस कंपनी लोगों को फाइनेंस पर टीवी व एसी उपलब्ध करवाती है। कंपनी का सेल्स ऑफिसर चरणजीत बुड़िया गेट स्थित ए वन टेलीशॉप पर काम करता है। चरणजीत के पास बुड़िया निवासी गुलजार अहमद एसी खरीदने के लिए आया। चरणजीत ने गुलजार अहमद को एसी फाइनेंस करवा दिया। इसके बाद गुलजार अहमद ने बजाज फाइनेंस कंपनी में अपने आधार कार्ड व पैन कार्ड जमा करवाए। आरोपी के वहां से चले जाने के बाद जब उसके आधार कार्ड व पैन कार्ड की जांच की गई तो उन पर गलत पता लिखा हुआ था। जांच के दौरान पता चला कि बुड़िया निवासी इरफान अली ने भी अपने फर्जी दस्तावेज देकर वीवो कंपनी का मोबाइल फाइनेंस करवाया हुआ है। इन दोनों आरोपियों के साथ बुड़िया निवासी फरमान फारूक भी मिला हुआ है। आरोपी फर्जी दस्तावेज जमा करवाकर कंपनी से सामान खरीदते हैं। उसने तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

**कार्यक्रम** देवराज विनायक चैरिटेबल अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

# एलोपैथिक दवाइयों की तरह ही लाभ पहुंचाती जेनेरिक दवाइयां

- शिविर में सेवानिवृत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय दहिया ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** देवराज विनायक चैरिटेबल अस्पताल में आयोजित शिविर में मरीजों की जांच करते हुए चिकित्सक।

- शिविर में दो सौ से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच हुई
- अस्पताल की ओर से मरीजों को नि :शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं

शहर के देवराज विनायक चैरिटेबल अस्पताल में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दो सौ से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें अस्पताल की ओर से निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

शिविर में सेवानिवृत मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अस्पताल के निदेशक और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय दहिया और उनकी टीम ने करीब दो सौ मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। उन्होंने बताया कि सरकार ने हर व्यक्ति के सस्ते इलाज को ध्यान में रखते हुए जेनेरिक दवाइयां बाजार में उपलब्ध कराई हैं । ताकि एलोपैथिक दवाइयों के मुकाबले हर गरीब व्यक्ति अपना उपचार आसानी से करवा सकें। जेनेरिक दवाइयां भी मरीज को उतना ही स्वास्थ्य लाभ पहुंचती है जितना कि एलोपैथिक दवाइयां पहुंचाती हैं। जेनरिक दवाइयां खरीदने पर एक आम आदमी को कम पैसा खर्च करना पड़ता है।

### दवाइयों की कीमतों में होता भारी फर्क

डॉ. विजय दहिया ने बताया कि जनता को यह नहीं समझना चाहिए कि जेनेरिक दवाइयां कम असर करती हैं। एक ही तरह की दवाइयों को अलग अलग कंपनियां बनाती हैं और अलग अलग नाम से बेचती हैं। लेकिन इन दवाइयों की कीमतों में भारी फर्क होता है। जबकि उनमें एक ही तरीके से बनाया जाता है। कुछ दवाइयों में इनकी मात्राओं को कम ज्यादा करके अलग अलग नाम से बेचा जाता है । जिसमें आमजन को इसकी काफी कीमत चुकानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर को चाहिए जेनेरिक दवाइयां की सिफारिश करे। ताकि मरीज को सस्ता इलाज मिल सके। डॉ. विजय दहिया ने कहा कि यह बिल्कुल गलत है कि जेनेरिक दवाइयां किसी भी तरह से कम प्रभावशाली नहीं होती हैं। बल्कि इसे बेचने के तौर तरीकों के कारण एथिकल दवाइयां काफी महंगी पड़ती है। जिसमें डॉक्टर को भी चाहिए कि लोगों को जेनेरिक दवाइयां खरीदने का सुझाव दें। ताकि मरीजों पर इलाज का बोझ ना पड़े।

खबर संक्षेप

## दिल्ली के भाग्य की रेखा बदल देंगी रेखा गुप्ताः वर्मा



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बनने से दिल्ली के भाग्य की रेखा खुशहाली की नई गाथा लिखेगी। विभिन्न राजनीतिक मंचों, जिनमें मुख्यतः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय जनता पार्टी की युवा इकाई, भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय पदाधिकारी और नगर पार्षद से मिले अनुभव को, वो दिल्ली के उत्थान के लिए प्रयोग करेंगी। उक्त कथन भाजपा नेता और भारतीय जनता पार्टी के कला और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने व्यक्त किए।

## महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शोभायात्रा आज

**थानेसर।** महंत प्रभात पूरी केआशीर्वाद एवं परम पूजनीय महन्त श्री बंशी पूरी जी महाराज व महन्त लक्ष्मीनारायण पूरी जी महाराज के सान्निध्य में श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के संतो के नेतृत्व में महाराजाधिराज ब्रह्मांडनायक आशुतोष बाबा स्थाणेश्वर महादेव महाशिवरात्रि से पूर्व स्थानेश्वर शहर में अपनी प्रजाजनों का हालचाल लेने और दर्शन देने पूरे राजसी वैभव के साथ निकलेंगे। 24 फरवरी को विशाल शोभायात्रा दोपहर 1 बजे श्रीस्थाण्वीश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर झाँसा रोड होती हुई छोटा बाजार, कृष्णा गेट, कमेटी बाजार, अंबेडकर चौक, सेक्टर 17 बाजार, गीता स्कूल से वापिस कृष्ण धाम रेलवे रोड से छटी पातशाही गुरुद्वारा के आगे से गुजरेगी।

### नगर परिषद चुनाव : 2 मार्च को होगा मतदान

# चुनाव प्रचार पकड़ने लगा जोर घर-घर वोट मांग रहे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आगामी 2 मार्च को नगर परिषद थानेसर में पार्षद पद के लिए होने वाले चुनाव को लेकर अब प्रचार जोर पकड़ने लगा है। प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ घर-घर जाकर दस्तक दे रहे हैं। प्रत्याशियों के समर्थकों के साथ उनके परिजन भी चुनावी प्रचार में कूद गए है। प्रत्याशी और उनके समर्थक वोटरों से अपने-अपने पक्ष में मतदान की अपील करते नजर आ रहे हैं प्रत्येक प्रत्याशी अपने वार्ड को सर्वश्रेष्ठ बनाने का नारा दे रहा है कई प्रत्याशियों ने तो इसके लिए बाकायदा अपने अपना चुनावी घोषणा पत्र भी जारी किया है इसमें वार्ड की साफ-सफाई रोशनी व्यवस्था सड़क निर्माण के साथ-साथ शहरों की तर्ज पर कॉलोनियों में मैन गेट लगाने, सीसीटीवी कैमरे लगाने, रात्रि सुरक्षा व्यवस्था के लिए चौकीदार नियुक्त करने सहित ऐसे ही तमाम वादे किए जा रहे हैं। निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशी दिन-रात एक कर रहे हैं और वोटरों को आश्वासन देकर वोट लेने की जुगाड़ में लगे हैं वहीं अब वोटर भी काफी समझदार हो गया है वोटर भी प्रत्याशियों को निराश नहीं कर रहे हैं। जो भी प्रत्याशी वोटर के दरवाजे पर पहुंचता है उसे वोटर पूरा आश्वासन देता दिख रहा है। ऐसे में कई प्रत्याशियों ने तो अपने समर्थकों को मतदाताओं की टोह लेने के लिए नियुक्त कर रखा है। जो दिन भर वार्ड में घूमकर मतदाताओं की नब्ज टटोल रहे हैं। हालांकि सभी प्रत्याशियों को यही लग रहा है कि उनकी जीत पक्की है लेकिन वोटर के दिमाग में क्या चल रहा है, यह तो चुनाव के नतीजे ही बता पाएंगे। प्रत्याशी एवं उनके समर्थक जहां दिन में डोर टू डोर प्रचार कर वोट मांगते दिखाई दे रहे हैं। वही देर रात को भी प्रत्याशी एवं उनके समर्थक गोपनीय तरीके से वोटरों को रिझाने के लिए संेधमारी में जुटे हुए हैं। इसे लेकर वोटर काफी परेशान दिख रहे हैं कि वह किस प्रत्याशी को क्या जवाब दें।





कुरुक्षेत्र। मतदाताओं से वोट की अपील करते प्रत्याशी।

फोटो : हरिभूमि

### 2 मार्च को मतदान के दिन रहेगी छुट्टी

उपायुक्त नेहा सिंह ने आदेश जारी किए है कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शानुसार 2 मार्च को मतदान के दिन छुट्टी रहेगी। इस दिन सारी फैक्ट्रियों, बाजारी संस्थान, उद्योग, ट्रेड, दुकानों इत्यादि में सभी कर्मचारियों की छुटटी रहेगी ताकि सभी लोग अपने वोट डाल सके।

### थानेसर के 30 वार्डो में कुल 137677 लोग करेंगे मतदान

जिला नगर आयुक्त सतिंद्र सिवाच ने कहा कि नगर परिषद थानेसर के 30 वार्डो में कुल 137677 लोग अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसमें 70994 पुरुष व 66683 महिलाएं मतदाता शामिल है। इन चुनावों में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 2 मार्च को मतदान होगा और 12 मार्च मतगणना का कार्य किया जाएगा। यहां पर चेयरमैन पद व 30 पार्षद के पद के लिए आम चुनाव होंगे। इन चुनावों की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शुगर मिल के प्रबंधक निदेशक एवं इस्माइलाबाद के रिटर्निंग अधिकारी विरेंद्र चौधरी ने कहा कि इस्माइलाबाद में नगर पालिका के अध्यक्ष पद का उपचुनाव 2 मार्च को होगा। इस अध्यक्ष पद के लिए शहर के 10539 लोग अपने मत का प्रयोग करेंगे।

### चेयरपर्सन के लिए 108 व पार्षद पद के लिए 101 बूथ

थानेसर नगर परिषद में चेयरपर्सन पद के लिए 32 वार्डों में 108 बूथ बनाए गए है, जबकि पार्षद पद के लिए 101 बूथ बनाए गए है। इन बूथों में 40 संवेदनशील की श्रेणी में रखे गए है जिनमें थानेसर में संवेदनशील बूथ वार्ड 2 में बूथ 4, 5,6,7 में जनता सीनियर सेकेंडरी स्कूल थानेसर,वार्ड 6 में बूथ नंबर 16,17,18 नवयुग सीनियर सेकेंडरी वशिष्ठ कालोनी, वार्ड 7 में बूथ नंबर 20,21,22, राजकीय प्राईमरी स्कूल लायलपुर बस्ती, गीता निकेतन विद्या मंदिर, वार्ड 10 में बूथ नंबर 29, 30, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पिपली शामिल है। वार्ड 12 में बूथ नंबर 35,36,37 राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवीदासपुरा, वार्ड 16 में बूथ नंबर 49,50,51, 52 के लिए राजकीय मिडल स्कूल रतगल, राजकीय मिडल संस्कृति प्राईमरी स्कूल रतगल, वार्ड 19में बूथ नंबर 60,61,62, राजकीय गर्ल्स हाई स्कूल नाथ मंदिर रेलवे रोड, वार्ड 26 में बूथ नंबर 84,85, यूनिवर्सिटी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वार्ड 27 में बूथ नंबर 86 धन्ना भगत पब्लिक स्कूल, वार्ड 28 में बूथ नंबर 90,91, जय भारती पब्लिक स्कूल दीदार नगर, वार्ड 29 में बूथ नंबर 94,95,96,97, धन्ना भगत पब्लिक स्कूल, वार्ड 30 में बूथ नंबर 98,99,100,101, आर्य कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वार्ड 31 में बूथ नंबर 102,103,104,105 में राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल सब्जी मंडी थानेसर को संवेदनशील बूथ की श्रेणी में रखा गया है।

## बदलते मौसम में स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए लगाया नि:शुल्क मेडिकल कैंप



कुरुक्षेत्र। शिविर में मरीजों की जांच करते ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन व अन्य।

- कैंप में 127 रोगियों को दी फ्री परामर्श व दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मौसम परिवर्तन के प्रभाव से बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा माता बाला सुन्दरी मंदिर कमालपुर में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का लगाया गया। इस कैंप का उद्देश्य लोगों को बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करना रहा। डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के डॉ राजेश कुमार ने मरीजों को बताया कि फरवरी माह में तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सर्दी-जुकाम, खांसी, वायरल बुखार, गले में खराश, एलर्जी, त्वचा रोग, पेट से जुड़ी समस्याएं और प्रतिरोधक क्षमता में गिरावट जैसी स्वास्थ्य समस्याएं आम हो जाती हैं। उन्होंने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस 1980वें निशुल्क कैंप में 127 रोगियों को निशुल्क परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व दवाइयां दी गई।

## होली का पावन पर्व जीव आत्मा को प्रभु के रंग मे रंगने का देता संदेश : सौम्या भारती



कुरुक्षेत्र। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा प्रोफेसर कॉलोनी नरकातारी रोड़, थानेसर में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा का भव्य आयोजन किया गया है। पंचम दिवस के अंतर्गत दिव्य गुरु श्रीआशुतोष महाराज की शिष्या भारत विख्यात भागवत भास्कर साध्वी सुश्री सौम्या भारती ने प्रभु कि पावन कथा का रस पान करवाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण अपनी पावन लीलाओ के द्वारा प्ररेणा दे रहे हैं। हर जीव का जन्म इस संसार में प्रभु कि भक्ति को पाने हेतु ही हुआ हैं और सौभाग्य शाली है वह जीव जो अपनी आत्मा पर प्रभु भक्ति के रंग को लगा कर सदा के लिए प्रभु भक्त बनने का श्रेय प्राप्त कर लेते है जैसे गोपिया, राधा, मीरा, अन्य भक्तो ने अपनी आत्मा को प्रभु भक्ति के रंग में रंग लिया।

## मूल्यांकन-आकलन शिक्षा प्रणाली के महत्वपूर्ण तत्व

- गीता निकेतन विद्यालय में सी.बी.एस.ई. द्वारा शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मूल्यांकन और आकलन शिक्षा प्रणाली के महत्वपूर्ण तत्व हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि शैक्षिक प्रभावी और परिणाम जनक हो। इस संदर्भ में सी.बी.एस.ई. पंचकुला द्वारा गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षकों की तकनीकी एवं शैक्षिक क्षमताओं का विकास करना था, जिसके माध्यम से आचार्य प्रभावी ढंग से छात्रों की प्रतिभा का आकलन एवं मूल्यांकन कर सकें। दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों को प्रशिक्षित करने हेतु डॉक्टर कुसुम अहलावत, प्राचार्य प्रताप पब्लिक स्कूल, करनाल एवं श्रीमती सपना सिंह, प्राचार्य द आर्यन इंटरनेशनल स्कूल, कैथल प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। डॉक्टर कुसुम ने अपने उद्बोधन में कहा कि मूल्यांकन की सही प्रक्रिया से ही शिक्षक यह ज्ञात कर सकता है कि विद्यार्थियों ने शिक्षण के दौरान कितना ज्ञान अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक के द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी का पोर्टफोलियो बनाया जाना चाहिए। जिससे विद्यार्थियों के कमजोर पक्ष एवं सशक्त पक्ष की और ध्यान दिया जा सके। सपना सिंह ने कहा कि शिक्षक को पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन की गतिविधियों से समय-समय पर अवगत होते रहना चाहिए। वहीं दूसरी और हमें स्किल पर आधारित शिक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।



## बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**कुरुक्षेत्र।** सहारा किंडरगार्टन विंग ने 22वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जिसमें शिक्षा,चरित्र निर्माण और सामुदायिक सेवा में दो दशकों से अधिक की उत्कृष्टता को याद किया गया। यह भव्य समारोह स्कूल परिसर में अतीत को गले लगाना, वर्तमान का जश्न मनाना, भविष्य को प्रेरित करना थीम पर आयोजित किया गया। प्रधानाचार्या हरप्रीत सहगल ने स्कूल के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को उनकी ईमानदारी और समर्पण के लिए बधाई दी तथा कहा कि आज हम न केवल समय बीतने का जश्न मना रहे हैं बल्कि हमारे छात्रों, शिक्षकों और समुदाय की अनगिनत उपलब्धियों का भी जश्न मना रहे हैं। प्रधानाचार्या ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता,आधुनिक बुनियादी ढाँचे, सहारा में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों द्वारा निरंतर शीर्ष परिणाम और सभी शिक्षकों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत ने सहारा रूपी वट वृक्ष को फलने -फूलने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अन्य शाखाओं को फैलाते हुए एक मुकाम हासिल किया है।

## काव्य नाटय में महक व वर्षा की टीम प्रथम

- पलवल कॉलेज में हुआ दो दिवसीय सांस्कृतिक उमंग महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में दो दिवसीय बसंत सांस्कृतिक महोत्सव उमंग का आयोजन कॉलेज के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने किया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ मीनाक्षी ने दीप प्रज्वलित करके महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि संस्कृति के आयोजन, हमारे मनोरंजन जीवन में नए रंग भरते हैं। इससे हमारे व्यक्तित्व विकास को गति मिलती है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ कृष्ण कुमार ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन गीतिकाव्य काव्य नाटय, लोकगीत जैसे हरियाणवी पंजाबी हिमाचली गायन व वाद्य यंत्र आदि की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें कॉलेज के नवोदित कलाकारों ने उत्साह पूर्वक अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और कलाकारों की सृजनात्मक और रचनात्मकता को विकसित करना है। काव्य नाटय में महक व वर्षा की टीम ने प्रथम स्थान हिमानी की टीम ने दूसरा व नेहा की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। हरियाणवी लोक गायन बीए फर्स्ट ईयर यशविनी ने पहला, बीकॉम फर्स्ट ईयर की अर्चिता ने दूसरा व भावना ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## धूमधाम से मनाई महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती

**कुरुक्षेत्र।** आर्य समाज थानेश्वर में महर्षि दयानंद सरस्वती की 201वी जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बलदेव राज सैनी प्रिंसिपल आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा बनाए गए आर्य समाज के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है उन्होंने ऋषि दयानंद को महान देशभक्त, समाज सुधारक, ईश्वर भक्त, अंधविश्वास एवं पाखंड विरोधी, शत्रु पर भी दया करने वाला अद्भुत महर्षि बताया। जसविंदर सिंह एवं महेंद्र सिंह ने ईश्वर भक्ति के भजनों से उपस्थित जनों को भाव विभोर कर दिया।

## होली के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी का किया शुभारंभ



**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सान्निध्य में श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा झांसा रोड स्थित पारस एंक्लेव में जयभगवान शर्मा के निवास स्थान पर संकीर्तन प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। होली के उपलक्ष्य में रविवार से प्रारंभ हुई प्रभातफेरियों का शुभारंभ करते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि प्रातः के समय शांत भाव से भगवान का नाम जपना किसी ओर समय की अपेक्षा अधिक फलदायक है। क्योंकि इस समय व्यक्ति रजोगुण और तमोगुण से मुक्त होता है। दिन के समय मन में अनेक प्रकार की हलचल होती रहती है। परंतु प्रातः के समय शांत वातावरण होता है। इस समय सभी संत महापुरुष अपने-अपने स्थान पर पूजा पाठ में लगे होते हैं और ऐसे वातावरण में भगवान का नाम जपने से हमारा अपना ही मंगल नहीं बल्कि पूरे वातावरण का मंगल होता है। गोसेवा और गीता पाठ, नित्य नियम से मंत्र जाप : का आह्वान करते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि घर-घर में गो की सेवा होनी चाहिए और गीता का पाठ होना चाहिए, तभी कल्याण होगा। मन की शांति के लिए मंत्र जाप ही काम आएगा। इसलिए प्रातः काल कुछ समय अवश्य गीता पाठ के लिए निकालना चाहिए। जब प्रभातफेरी के रूप में सामूहिक रूप से संकीर्तन होता है तो अनेकों का भाव एकसाथ उजागर होने से पूरे वातावरण में एक विशेष प्रकार की ऊर्जा पैदा होती है। गीता मनीषी ने कहा कि होली के उपलक्ष्य में आज से नगर में प्रभातफेरियों का शुभारंभ हुआ है।

## उदयन शालिनी कुरुक्षेत्र ने किया शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- तिरुपति फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, का औद्योगिक भ्रमण कराया



यूएसएफ कुरुक्षेत्र ने 42 शालिनियों एवं उदयन घर के 3 बच्चों को तिरुपति फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, उमरी रोड सोढी कुरुक्षेत्र का औद्योगिक भ्रमण कराया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य शालिनियों को खाद्य उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया एवं विपणन रणनीतियों की वास्तविक जानकारी प्रदान करना रहा। इस दौरान कंपनी के मालिक लवकुश सिंगला, रमेश सिंगला एवं देसराज सिंगला भी मौजूद रहे। इस भ्रमण का नेतृत्व दीपक चिब, अध्याय संयोजक डॉ. सुषमा शर्मा व सह-संयोजक डॉ. रामनिवास ने किया। तिरुपति फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एक प्रमुख खाद्य उद्योग है, जहां 150 लोग काम करते हैं। ये कुरकुरे, बिंगो, क्रैक्स आदि जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों के लिए कच्चे माल की आपूर्ति करते है। यह प्रतिष्ठान पैपसी-को, हल्दीराम, बिकानो व बीकानेर जैसी बड़ी कंपनियों को अपने उत्पाद प्रदान करता है। इसके अलावा, इस कंपनी ने स्वयं के स्नैक्स ब्रांड हिल फन की शुरूआत भी की है। इस औद्योगिक दौरे के दौरान शालिनियों ने खाद्य उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया विस्तार से देखी। उन्हें यह समझने का अवसर मिला कि कच्चे माल का चयन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और ब्रांडिंग कैसे की जाती है। औद्योगिक भ्रमण के उपरांत हिल फन ब्रांड के स्नैक्स का स्वाद चखने का अवसर भी मिला। सभी शालिनियों को ये स्नैक्स अत्यंत स्वादिष्ट एवं लाजवाब लगे। तिरुपति इंडस्ट्री के बाद शालिनियों ने हरियाणा इंजीनियर्स कॉर्पोरेट ऑफिस, जी.टी.रोड, सिरसला का भी भ्रमण किया।



## एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना : बीईओ

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थम्बड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 7 दिवसीय शिविर में खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्य राजेश पराशर विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार ने गुलदस्ता देकर किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। बीइओ प्रमोद राणा में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनएसएस का प्राथमिक उद्देश्य छात्रो और युवाओं में उनके व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। इसके द्वारा छात्रों में सामाजिक जिम्मेवारी की भावना विकसित होती है। साथ ही छात्रों में आपात स्थिति में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की क्षमता विकसित करना, छात्रों में नेतृत्व के गुण और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण विकसित करना, छात्रों को समाज की आवश्यकता एवं समस्याओं को पहचान कर उनका समाधान करने में मदद करना, छात्रों को सामुदायिक भागीदारी जताने में कौशल हासिल करना सीखना आदि मुख्य उद्देश्य है। सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना 24 सितंबर 1969 को की गई थी। इसलिए हर वर्ष 24 सितंबर को एनएसएस दिवस मनाया जाता है। उन्होंने अपनी संस्था सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) की को-स्पोंसेर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से विद्यार्थियों को इम्यूनिटी बूस्टर उपहार स्वरूप भेंट किया।

कार्यक्रम

### 25-26 फरवरी को होगा जलाभिषेक, रात्रि साढ़े 11 बजे से साढ़े 12 तक होगा भस्माभिषेक

# महाशिवरात्रि मेले को लेकर तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष

संगमेश्वर महादेव मंदिर में जोरदार अभिनंदन किया, श्रद्धालुओं ने माला पहनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव रविंद्र पुरी का संगमेश्वर महादेव मंदिर में जोरदार अभिनंदन किया गया। मंदिर के सचिव महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य मंदिर के ब्राह्मण व समस्त सेवा दल और श्रद्धालुओं ने श्री महंत रविंद्र पुरी को माला पहनाई। उन्होंने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में संत महात्माओं ने महंत रविंद्र पुरी को श्रीमहंत के रूप में अखाड़े में कार्यभार सौंपा है। महंत विश्वनाथ गिरी ने बताया कि श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाशिवरात्रि मेले को लेकर मंदिर में तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थापक, प्रबंधकों एवं सेवादल अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को सभी तरह की सुविधा यहां मिलनी चाहिए। श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने बताया कि 25 और 26 फरवरी को दोनों दिन जलाभिषेक होगा। रात्रि साढ़े 11 बजे से साढ़े 12 तक भस्माभिषेक होगा। उन्होंने कहा कि साल में चार रात्रि महत्वपूर्ण है। जिनमें दीपावली रात्रि, होली रात्रि, दुर्गा अष्टमी की कालरात्रि और फागुन माह की महाशिवरात्रि शामिल है। महाशिवरात्रि पर स्थान पर पूजन का विशेष महत्व है। अरुणा, वरुणा और सरस्वती नदी का संगम होने से चलते यहां पांडवों ने भी तप किया था। जिसका वर्णन शिव पुराण में दर्ज है। श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने बताया कि मंदिर में इस बार भगवान शिवलिंग का 35 किलो चांदी से श्रृंगार करके महाकालेश्वर उज्जैन की तरह सुसज्जित स्वरूप देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने लंगर भवन का निरीक्षण भी किया। सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि लंगर भवन को इस बार तीन भागों में विभाजित किया गया है। जिसमें एक हिस्सा संत महात्माओं के लिए रिजर्व रहेगा और दो में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। मेले में साढे तीन से चार लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद को देखते हुए मंदिर प्रशासन की ओर से तैयारी की गई है। ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए आने और जाने का रूट अलग अलग होगा। अवस्थित ढंग से खड़े किए जाने वाले वाहनों को हटाने के लिए इस बार ट्रैफिक पुलिस क्रेन के साथ तैनात रहेगी। मेले की तैयारी को लेकर मेला परिसर में दुकानें और झूले लगे शुरू हो गए हैं।



### 1965 के बाद फाल्गुन माह की शिवरात्रि पर सूर्य, बुध और शनि एक साथ कुंभ राशि में रहेंगे विराजमान

श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर के पुरोहितों के मुताबिक इस बार महाशिवरात्रि पर सूर्य, बुध और शनि एक साथ कुंभ राशि में रहेंगे। तीनों ग्रहों की युति और महाशिवरात्रि का योग 2025 से पहले 1965 में बना था। इस साल महाशिवरात्रि पर शिव के साथ सूर्य, बुध और शनि ग्रह की विशेष पूजा का भी शुभ योग है। इस योग में की गई पूजा और पाठ से कुंडली से जुड़े ग्रह दोष शांत होते हैं।

## खबर संक्षेप

### अधिक से अधिक आगे आकर मतदान करे

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में नगर निगम के तहत मेयर पद के लिए तथा नगर परिषद अम्बाला छावनी व नगरपालिका बराड़ा के लिए 02 मार्च को होने वाले चुनाव में मतदाता अधिक से अधिक आगे आकर अपने मत का प्रयोग करे। इसके लिए उन्हें स्वीप एक्टीविटी के माध्यम से जागरूक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने सभी फैक्टरी मालिकों, दुकानदारों व अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे 2 मार्च को अपने संस्थानों को बंद रखें।

### सात को होगी नेशनल लोक अदालत

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने बताया कि स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत मे नेशनल लोक अदालत का आयोजन 7 मार्च 2025 को किया जाएगा। जानकारी के लिए हेल्पलाइन नं. 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने जनसाधारण से अपील की कि वे अदालत मे लम्बित मुकदमें व प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे लोक अदालत मे रख कर उनका निपटारा करवा सकते हैं। इससे आपसी समझौते से मुकदमें का निपटारा होने पर भाईचारे की भावना बढ़ती है।

### प्रचार मंत्री बने दौलत राम

**अंबाला।** जिला कुरुक्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की ओर से आयोजित अधिवेशन अंबाला एंबुलेंस चालक संघ के प्रधान दौलत राम को प्रचार मंत्री की कमान के साथ ही अंबाला, पंचकुला, व यमुनानगर का प्रभारी भी बनाया गया है। दौलत राम ने मिली नई जिम्मेदारी के लिए उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री पवन व भारतीय संघ महासचिव हवा सिंह मेला समेत कई संगठन नेताओं का आभार जताया है। दौलत राम ने कहा कि वे मिली जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

### गांजा फुल पत्ती सप्लाई करने वाला आरोपी काबू

**कैथल।** नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचकर नशा सप्लाई करने वालों पर एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार सीआईए-1 पुलिस के एएसआई राजीव कुमार की टीम द्वारा सप्लायर आरोपी कुरुक्षेत्र निवासी रवि को काबू कर लिया।

## सदर नगर परिषद चुनाव में आजाद प्रत्याशियों ने बढ़ाई टेंशन

# सत्ता के बावजूद भाजपा को मिल रही कड़ी टक्कर, स्टार प्रचारकों से अब मुकाबला हुआ रोचक, मेयर के लिए कांग्रेस बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

निकाय चुनाव के लिए मतदान में एक महज सात दिन ही बचे हैं। ऐसे में जीत के लिए भाजपा-कांग्रेस के साथ आजाद उम्मीदवार भी जीत के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मेयर उपचुनाव में भाजपा-कांग्रेस में सीधी टक्कर है। जबकि अंबाला सदर नगर परिषद में भाजपा का सीधा मुकाबला आजाद उम्मीदवारों से है। उम्मीदवार न उतारे जाने से यहां कांग्रेस चुनाव से ही बाहर है। अब अगले तीन-चार दिन में प्रचार अभियान पूरी पीक होने की बात कही जा रही है।





अंबाला। सदर नगर परिषद चुनाव में प्रचार करती चित्रा सरवारा व निकाय चुनाव में प्रचार के दौरान परिवहन मंत्री अनिल विज। फोटो :हरिभूमि

### जीत के लिए मंत्री लगा रहे जोर

अंबाला शहर नगर निगम के मेयर उपचुनाव में भाजपा-कांग्रेस में सीधा मुकाबला है। भाजपा ने यहां से मनोनीत निगम सदस्य एडवोकेट संदीप सचदेवा की पत्नी शैलजा सचदेवा को मैदान में उतारा है। जबकि कांग्रेस ने पूर्व निगम सदस्य अमीषा चावला पर दांव लगाया है। पंजाबी बिरादरी से ताल्लुक रखने वाली दोनों ही उम्मीदवार जीत के लिए खूब पसीना बहा रही हैं। शैलजा की जीत के लिए पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल कड़ी मेहनत कर रहे हैं जबकि अमीषा को मेयर बनाने के लिए विधायक एवं पूर्व मंत्री निर्मल सिंह कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सांसद वरूण चौधरी, नारायणगढ़ की विधायक शैली चौधरी भी अमीषा के लिए प्रचार में जुटी हैं। शैलजा की जीत के लिए अब भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा भी प्रचार में उतरने वाले हैं। ऐसे में स्टार प्रचारकों के मैदान में आने से दोनों उम्मीदवारों के बीच मुकाबला रोचक होने की बात कही जा रही है।

### कांग्रेस के मैदान से बाहर होने के बावजूद भाजपा के लिए आसान नहीं जीत

**रहमदीनः बराड़ा।** नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव का मुकाबला दिनों-दिन रोचक होता जा रहा है। इस चुनाव में सबकी निगाहें इसी बात पर टिकी है कि आखिकार बराड़ा की सरदारी किसको मिलेगी। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 7 प्रत्याशी मैदान में है। 16 वार्डों से सदस्य पद के चुनावी दंगल में 43 उम्मीदवार मैदान में उतरे हुए है। अध्यक्ष चुनाव में खड़े सभी उम्मीदवार पहली बार ही चुनाव लड़ रहे है। सभी उम्मीदवारों ने अपने-अपने वोटरों को रिझाने के लिए दिन-रात एक किया हुआ है। ये उम्मीदवार पौ फटने से पहले ही लोगों के घर-घर जाकर वोटरों के आगे हाथ-पैर जोड़ अपनी जीत सुनिश्चित करने में लगे है लेकिन मतदाता भी अपने-अपने मुद्दे उम्मीदवारों के आगे उठाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे है। अध्यक्ष का चुनाव सबसे अधिक दिलचस्प बनता जा रहा है। इस चुनाव की अगर बात की जाए तो नपा का यह चुनाव भाजपा पार्टी के लिए नाक का सवाल बन गया है। इस चुनाव में भाजपा के सामने कांग्रेस या किसी अन्य राजनीतिक पार्टी का कोई भी उम्मीद्वार मैदान में नहीं है। इसके बावजूद भी इस चुनाव में सीधे तौर पर भाजपा की जीत होती नहीं दिख रही है। चुनाव फंसने की वजह से ही सीएम नायब सैनी को खुद चुनाव प्रचार के लिए बराड़ा में आने को मजबूर होना पड़ा। बता दें कि वैसे इस इलाके में पिछले कई सालों से कांग्रेस का दबदबा रहा है। पहले यहां से कांग्रेस के विधायक वरूण चौधरी थे तो अब की बार उनकी पत्नी कांग्रेस की विधायक है।

### भाजपा के लिए जीत जरूरी

शहर की बात की करें तो फिलहाल वर्तमाल में यहां पर कांग्रेस पार्टी की विधायक है और संसदीय क्षेत्र की बात की जाए तो यहां से भी कांग्रेस पार्टी का ही सांसद है। बीते विधानसभा चुनावों में यहां से कांग्रेस पार्टी की उम्मीद्वार पूजा चौधरी को रिकार्ड तोड़ वोट मिली थी और उनकी प्रतिद्धदी संतोष चौहान सारवान को हार का मुंह देखना पड़ा था। उस समय संतोष चौहान सारवान ने अपनी हार का कारण अपनी ही पार्टी के कुछ लोगों को बताया था। उन्होंने उन्हें काली भेंड़े कहकर संबोधित किया था। ऐसे में यहां पर एक बार फिर भाजपा की जीत मुश्किल लग रही है। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के सामने भाजपा के ही पुराने कार्यकर्ता आजाद उम्मीद्वार के रूप में चुनावी मैदान में खड़े है जो पार्टी प्रत्याशी की मुशिकलें बढ़ा रहे हैं। दूसरी ओर डॉ कुलदीप शर्मा जोकि डॉक्टर होने के साथ-साथ समाजसेवी भी है। वह स्थानीय लोगों पर अपनी मजबूत पकड़ रखते है। इस चुनाव में भाजपा के हरजिन्द्र सिंह, डॉ कुलदीप शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, बलजीत सिंह, रीटा केसरी, दविंद्र कुमार और भाजपा के बागी उम्मीदवार रजत मलिक चुनावी मैदान में है लेकिन चुनाव डॉ. कुलदीप शर्मा, रजत मलिक व भाजपा के हरजिंद्र सिंह में दिख रहा है।

### नप चुनाव में भी मुकाबला कड़ा

अंबाला सदर नगर परिषद के चुनाव में अध्यक्ष व सदस्य पदों पर कब्जा भाजपा के लिए आसान नहीं है। बेशक यहां कांग्रेस चुनावी मैदान से बाहर है इसके बावजूद भाजपा को आजाद प्रत्याशियों से कड़ा मुकाबला मिल रहा है। भाजपा के लिए यहां सबसे बड़ी मुसीबत विधानसभा चुनाव में परिवहन मंत्री अनिल विज को कड़ी टक्कर देने वाली चित्रा सरवारा बनी हुई है। उन्होंने अध्यक्ष पद समेत सभी 32 वार्डों से अपने उम्मीदवार उतारे हुए हैं। अध्यक्ष पद समेत सभी वार्डों से जीत के लिए खुद परिवहन मंत्री अनिल विज उम्मीदवारों की अगुवाई कर रहे हैं। वे निरंतर उम्मीदवारों को जीत का मंत्र दे रहे हैं।

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से शिव वरदानी भवन में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में बहुत सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य वक्ता अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा ओम शांति महामंत्र है ओम शांति अर्थात मैं आत्मा शांत स्वरूप हूं। ब्रह्माकुमारीज संस्था का मुख्य उद्देश्य जन-जन को जागृत करना है कि गीता में किए गए अपने वायदे को पूरा करने के लिए भगवान इस धरा पर आ चुका है। परमात्मा अवतरित होकर हमें शिक्षा देते हैं की अब इस शरीर को न देख आत्मा को देखने का प्रयास करो। आत्मिक स्वरूप को देखने से हमें हर एक के आत्मिक गुण ही दिखाई देंगे। उन्होंने सच्ची शिव रात्रि का महत्व बताया। आश्रम संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रानी दीदी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी शहर के सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि अपने जीवन को सदा खुशियों से भरकर रखना है और वह तब होगा जब हम खुद को उस परमात्मा से जोड़ कर रखेंगे। अगर हमारा संबंध उस परमात्मा के साथ है तभी हम अपने जीवन को खुशियों से भरपूर रख सकते हैं। सच्ची सुख शांति का दाता वह परमात्मा है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने कहा अपने जीवन में दो बातें हमेशा गांठ बांध ले जिसमें से एक है कि हमें भगवान का सुबह आंख खुलते ही है शुक्रिया करना है। कहना है हे परमात्मा आपने हमें एक ओर नया दिन दिया उसके लिए आपका शुक्रिया। यह शुक्रिया हमें बहुत आनंद देगा। इसके साथ ही दूसरी बात गांठ बांधनी है सदा सबको दुआएं देनी है दिल से सबको दुआएं देनी है। जिसने मेरा बुरा किया भगवान उसका भी भला करें।




अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व अन्य।

# रंजिशन युवक का अपहरण, जमकर मारपीट करने के बाद खेतों में फेंका

- कबुरी तरह जख्मी युवक को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया
- एक दर्जन से ज्यादा आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रंजिश के चलते बब्याल के मुख्य बाजार से एक युवक का अपहरण हो गया। इस अपहरण को दो बाइकों पर सवार होकर आए लगभग आधा दर्जन युवाओं ने अंजाम दिया। अपहरण के बाद आरोपी युवक को मध्य रात्रि तक इधर-उधर घुमाते रहे। बुरी तरह से घायल करने के बाद आरोपी बाइक सवार हमलावर युवक को खेलन गांव के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने घायल के दोस्त राजेश की शिकायत पर अपहरण सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।बब्याल के राजेश ने बताया कि उसके दोस्त कर्ण का कुछ दिन पहले युवकों से विवाद हो गया था। इसका थाने में निपटारा भी हो गया था लेकिन इसके बाद भी वो युवक उसके दोस्त करण से रंजिश रखते रहे। बीते रोज रात को लगभग आठ बजे जब उसका दोस्त कर्ण बब्याल के मुख्य बाजार से गुजर रहा था तो इस दौरान बाइक पर सवार होकर आए आरोपियों ने उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद आरोपी कर्ण को बोह के बाबा बालक नाथ मंदिर और अन्य स्थान पर ले गए। जहां उन्होंने उसे बुरी तरह से मारा-पीटा। फिर कर्ण को खेलन गांव के पास खेतों में छोड़कर फरार हो गए। तड़के लगभग चार बजे करण जैसे-तैसे सड़क पर आया और वहां से गुजर रहे व्यक्ति की मदद से घर पर फोन किया। कुछ देर में परिजन व डायल 112 मौके पर पहुंच गई और फिर कर्ण को घायल अवस्था में अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार चल रहा है जबकि घायल कर्ण के भी पुलिस ने बयान दर्ज कर लिए हैं। जांच अधिकारी जय गोपाल ने बताया कि राजेश की शिकायत पर करण के अपहरण करने व मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है।




# शिव परमात्मा की याद के गीतों से समा बांधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के जग्गी कॉलोनी स्थित ब्रहमाकुमारीज़ सेवा केंद्र की ओर से महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में बलदेव नगर की परशुराम धर्मशाला में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के द्वारा की गई। सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका राजयोगिनी दिव्या दीदी ने शिवरात्रि पर्व का आध्यात्मिक रहस्य बताया कि परमात्मा पिता के आने का दिव्य अवतरण का यादगार ये पर्व है। परमात्मा शिव कलियुग रूपी घोर अज्ञानता की रात में आकर हमें विकारों को जीतने व देवतुल्य जीवन जीने का ज्ञान देते हैं। बीके नेहा दीदी ने परमपिता परमात्मा का परिचय बहुत ही सरल शब्दों में समझाते हुए बताया कि परमात्मा के बारे में अनेक मत है परंतु वह अजन्मा, अभोगता व निराकार ज्योति स्वरूप है जिनको ज्योतिर्लिंग के रूप में हम याद करते हैं। राजयोगिनी बीके मीरा दीदी ने राजयोग मेडिटेशन की गहन अनुभूति कराई। कार्यक्रम के अंत में सुंदर नाटिका बीके वैशाली बहन तथा बीके रवि नरूला द्वारा शिव व शंकर के परिचय को स्पष्ट करते हुए, प्रस्तुत की गई। कुमार शिवम ने बहुत सुंदर डांस कर सबका मन मोह लिया। बीके गौरव भाई व बीके राजेश भाई ने शिव परमात्मा की याद के गीतों द्वारा समा बांधा। शिव ध्वजारोहण का कार्यक्रम भी किया गया। ब्राह्मण सभा से संजीव पाराशर , श्री गुरु नानक सिंह सभा गुरुद्वारा कमेटी से सरदार हरविंदर सिंह , पंचायती गुरुद्वारा से रविंद्र सिंह भी विशेषतौर पर मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# बच्चियों से रेप करने वाले पिता को आजीवन कारावास दिलवाने वालों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

कानून के अंतर्गत न्याय में योगदान देने वालो के लिए समाज सेवा संघर्ष समिति व ग्राम पंचायत द्वारा विश्राम गृह में एक प्रोत्साहन सभा का आयोजन किया गया । इस दौरान वहां समिति पदाधिकारियों के साथ ग्राम सरपंच प्रवीन कुमार ब्लॉक समिति चेयरमैन रविशेर भी वहां मौजूद रहे। दरसल दो वर्ष पहले यहां बिहार के रहने वाले एक आरोपी द्वारा अपनी ही बेटी के साथ दुष्कर्म करने की घिनौनी हरकत करने वाले वहशी को गिरफ्तार कर सजा दिलाकर बच्चियों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों को सम्मानित किया गया । इनमें जांच अधिकारी राजन राणा , एडवोकेट ओम प्रकाश शर्मा, आशा वर्कर ममता व ज्ञान कौर को समिति,ग्राम पंचायत और ब्लॉक समिति द्वारा सम्मानित किया गया ।



अंबाला। जांच अधिकार को सम्मानित करते हुए।

समाज सेवा संघर्ष समिति अध्यक्ष अवनीश ने बताया कि लगभग 2 वर्ष पहले यहां बिहार के एक पिता द्वारा अपनी ही नाबालिग लड़की का यौन शोषण किया जा रहा था। इसके बाद समिति ने ग्राम सरपंच, आशा वर्कर और अन्य जागरूक नागरिकों की मदद से समय रहते उन बच्चियों के पिता को गिरफ्तार करा कर जेल भेजा। उन्होंने बताया कि इस केस की जांच अधिकारी राजन राणा ने भी बिना किसी ढिलाई के न्याय हित में सुसंगत कार्रवाई की। एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा ने इस केस को निःशुल्क लड़ा साथ ही डरी सहमी बच्चियों को निडरता से गवाही देने और धैर्य बनाए रखने में उनकी मदद की। इस केस में बच्चियों के पिता को न्यायालय ने दोषी पाया। इसी माह न्यायालय ने इस जघन्य अपराध के लिए इस व्यक्ति को आजीवन कारावास और आर्थिक दंड की सजा सुनाई है।

### रैंप वॉक पर नन्हे छात्रों ने दिखाया हुनर




**मुलाना।** एमएम इंटरनेशनल स्कूल में किंडरगार्टन कक्षाओं के दीक्षांत व बेबी शो का आयोजन किया गया। इस बेबी शो में स्कूल के बाहर के बच्चों को भी आमंत्रित किया गया था। दीक्षांत समारोह में किंडरगार्टन के छात्रों को शैक्षिक यात्रा के इस महत्वपूर्ण पड़ाव को पूर्ण करने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। इसमें उन्होंने अपनी संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित किया। इसके अलावा, समारोह में कई रोमांचक और मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गई। रैंम वॉक, नृत्य, चित्रकला, दोहा और कविता वाचन तंबोला, ग्रिप एंड पिक, टनल पार करना स्पिन द व्हील, फेस पेंटिंग जैसी स्पर्धाओं में भी नन्हे छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा पीएसटू की छात्रा काशवी ने प्रथम स्थान हासिल किया व रैंप वॉक में ईमानत और दोहा में अगस्त्य ने प्रथम स्थान हासिल किया। बच्चों सहित अभिभावकों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल की निर्देशिका डॉ. पारुल नागपाल व स्कूल की प्रधानाचार्या सुनीता दोसाज ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

### सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

**अंबाला।** जीटी रोड पर एक कार ने साइकिल सवार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से घायल साइकल सवार बुरी तरह जख्मी हो गया। गंभीर अवस्था में साइकिल सवार को अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। गांव शाहपुर के रहने वाले गुरजिंदर सिंह ने बताया कि पिता हरियाणा वक्फ बोर्ड अंबाला कैंट में माली का काम करते थे। वह हर रोज सुबह 9 बजे घर से अपनी ड्यूटी पर साइकिल से जाते थे, और शाम को साढे.पांच बजे घर के लिए निकलते थे। शाम करीब 6 बजे पर जीटी रोड पर वन प्लस होटल के सामने पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसके पिता में जोरदार टक्कर मार दी।

**कार्यक्रम** आर्य समाज की ओर से मनाई महर्षि दयानंदन जयंती

# महर्षि दयानंद ने समाज से मिटाई कुरीतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

आर्य समाज मेन बाजार के तत्वाधान में रविवार को महर्षि दयानंद जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनायी गई । मंत्री सुरेंद्र वालिया की अध्यक्षता में मनायी जा रही महषि दयानंद की 201वी जयंती के अवसर पर आयोजित यज्ञ में यजमान पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान चंद्रपाल शास्त्री ने कहा कि जिस समय सारा समाज अज्ञान की धारा में डूबा जा रहा था , मानवता की दुर्दशा हो रही थी नारी शक्ति का करुण क्रंदन चारों और सुनाई दे रही थी। ऐसे समय गुजरात प्रांत के टंकारा ग्राम में कृष्ण तथा मां यशोदाबाई के घर एक बालक का जन्म हुआ जिसका नाम रखा गया मूलशंकर। वही मूलशंकर जिसके जीवन के मूल में आजीवन शंकर अर्थात सबको शांति एवं प्रकाश देने वाला परमात्मा ही रहा वही बालक आगे चलकर दयानंद बनकर अज्ञान रूपी अंधेरे को चीरता हुआ वेद ज्ञान का उजाला हाथ में लेकर आता हुआ दिखाई दिया। उसने आकर सभी प्रकार की कुप्रथाओ एवं कुरीतियों को दूर भगाया । पाखंडियों तथा दिखावे में विश्वास रखने वाले लोगों का मार्ग दर्शन किया।



अंबाला। यज्ञ में आहुति डालते मुख्य अतिथि व अन्य।

दयानंद ने संतान के निर्माण पर, स्त्री शिक्षा एवं विधवा विवाह पर बाल दिया । अपने भजनों द्वारा महषि के जीवम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने वैदिक सिद्धान्तो एवं मान्यताओं को अपनाने कि प्रेरणा दी । विद्यालय की छात्रा वर्षा एवं सहेलियों ने महषि दयानंद के जीवन से संबंधित विचार तथा गीत रखे जिन्हें सभी श्रोतों के भी सराहा । कार्यक्रम के मुख्यतिथि डॉ पवन सैनी ने कहा कि हम सभी महषि दयानंद को पढ़क़र उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस परिकल्पना को साकार करने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। मुख्यतिथि द्वारा संबोधित किए जाने के पश्चात आर्य समाज के प्रधान डॉ. राजेंद्र तायल , विद्यालय के प्रबंधक डॉ. विश्वबंधु गुप्ता तथा समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों ने स्मृति चिह्न देकर मुख्यतिथी को सम्मानित किया ।